अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

सोमवार

नालन्दा, 10.02.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

पेज-01 वर्ष:1, अंक:16

www.apnanalanda.com


## आनंद मार्ग विद्यालय में नि:शुल्क होम्योपैथी एवं न्यूरोथेरेपी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

अपना नालंदा संवाददाता

चंडी (नालंदा) ।प्रखंड के जैतीपुर आनंद मार्ग विद्यालय में रविवार को निरूशुल्क होम्योपैथी एवं न्यूरोथेरेपी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक लोगों का निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित की गईं। न्यूरोथेरेपी उपचार भी प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन देहात निरोग अभियान द्वारा आभा सेवा सदन के सहयोग से किया गया। ग्रामीणों के लिए हर रविवार सुबह 8 बजे से 10 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य शिविर की पहल को ग्रामीणों ने सराहा और इसे गरीब एवं वंचित लोगों के लिए लाभकारी कदम बताया। ग्रामीणों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होम्योपैथी और न्यूरोथेरेपी जैसी चिकित्सा पद्धतियाँ किफायती और प्रभावी होती हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को राहत मिलेगी। न्यूरोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय देव ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए।



छोटी बीमारियों को समय पर नजरअंदाज करने से वे आगे चलकर गंभीर रूप धारण कर सकती हैं। पैसे की कमी के कारण इलाज में देरी से लोगों को आगे चलकर अधिक आर्थिक एवं शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ. जन्मेजय ने कहा कि इन समस्याओं को देखते हुए ही इस निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। शिविर में डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रेम रंजन कुमार, डॉ. सूर्यभूषण उपासक, डॉ. रामनंदन प्रसाद, डॉ. पुष्पा, डॉ. देवेंद्र प्रसाद सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## शबे बारात और महाशिवरात्रि को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, फ्लैग मार्च भी निकाला गया




अपना नालंदा संवाददाता

नूरसराय। आगामी शबे बारात और महाशिवरात्रि को लेकर रविवार को नूरसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रजनीश राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रैपिड एक्शन फोर्स (त।थ) के सहायक कमांडेंट योगेश कुमार और निरीक्षक आशीष कुमार सुखविंदर सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रखंड के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में 114 बटालियन कार्यदूत बल के सहायक कमांडेंट योगेश कुमार ने सभी से शांति और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलती है तो तत्काल थानाध्यक्ष को सूचित करें। रैपिड एक्शन फोर्स हर समय जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है, लेकिन इसमें आम जनता का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई युवा फोर्स से जुड़ी जानकारी या शारीरिक प्रशिक्षण (फिजिकल ट्रेनिंग) में सहायता चाहता है, तो उन्हें उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा। थानाध्यक्ष रजनीश रॉय ने जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से शबे बारात और महाशिवरात्रि को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो तत्काल थाना को सूचित करें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक के बाद नूरसराय बाजार में रैपिड एक्शन फोर्स और थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नूरसराय पंचायत के मुखिया कृष्णा प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद, डोईया पंचायत के मुखिया रविराम, चंडासी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, विक्की कुमार, मो. गोल्डन, पूर्व मुखिया चंद्रशेखर कुमार, पूर्व प्रमुख संजय यादव, मो. सिमरन, शशि कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पटना एम्स के एमबीबीएस विद्यार्थियों का अनुकरणीय कार्य, सैकड़ों मरीजों को मिली नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। सेवा भारती, राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन (एनएमओ) पटना एम्स एवं फेडरेशन ऑफ इंडिया यूथ एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को गिरियक प्रखंड के करमपुर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और लाभ उठाया। यह शिविर जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं था, जहाँ पटना एम्स के एमबीबीएस विद्यार्थियों ने अपनी नि:स्वार्थ सेवा से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श दिया। इस शिविर में रितेश कुमार सिंह, दिगंबर दुबे और ऋतिक सिंह ने मरीजों की प्रारंभिक जांच की और आवश्यक औषधियाँ उपलब्ध कराईं। कई मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उचित उपचार के लिए अन्यत्र भेजने की सलाह दी गई, जिससे वे सही समय पर



आवश्यक चिकित्सा प्राप्त कर सकें। इस सेवा कार्य से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। मरीजों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और विशेष रूप से प्रमोद सिंह तथा श्याम किशोर सिंह का धन्यवाद किया, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफल रहा। शिविर में सेवा दे रहे ऋतिक सिंह का जन्मदिन भी था, जिसे मरीजों और सहयोगियों ने बधाइयों से खास बना दिया। सभी ने उनके नि:स्वार्थ सेवा भाव के लिए उन्हें सम्मानित किया। आयोजन के मुख्य सहयोगी एवं फेडरेशन ऑफ इंडिया यूथ एसोसिएशन के चेयरमैन दिगंबर दुबे ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएँ पहुँच सकें और समाज स्वस्थ एवं समृद्ध बन सके।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर नगरनौसा में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

अपना नालंदा संवाददाता

नगरनौसा (नालंदा)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद नगरनौसा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। नगरनौसा भाजपा मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने अबीर–गुलाल उड़ाकर और मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह भी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 27 साल बाद दिल्ली में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और भाजपा की विकासवादी राजनीति पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार दिया और विकास को प्राथमिकता दी। पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया और अरविंद केजरीवाल की भ्रष्टाचार व झूठ की राजनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया। इस जश्न में चंद्रवंशी चेतना मंच के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मन्नू सिंह चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक भारती,



रामपुर पंचायत के सरपंच सोनू कुमार, निरंजन कुमार, अमित कुमार, रामाशीष प्रसाद, मनीष कुमार, पिंटू कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।




# बीआरसी परवलपुर के अकाउंटेंट अनिल कुमार का आकस्मिक निधन, परिजनों में शोक की लहर



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के बीआरसी परवलपुर के अकाउंटेंट अनिल कुमार का शनिवार को पटना के रूबल और बिग हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। 40 वर्षीय अनिल कुमार लीवर और पीलिया (जॉन्डिस) की बीमारी से पीड़ित थे। उनके असामयिक निधन से परिवार, शिक्षा विभाग और जिले के सभी बीआरसी अकाउंटेंट में शोक की लहर है। अनिल कुमार मूल रूप से सकरोढ़ा गांव के निवासी थे और स्वर्गीय अर्जुन ठाकुर के द्वितीय पुत्र थे। वे अपने पीछे अपनी वृद्ध माता, बड़े भाई मुरारी शर्मा, छोटे भाई रविरंजन कुमार, प्रसिद्ध गायक भतीजे सोनू कुमार, कई बहनों, पुत्र और पुत्री को छोड़ गए हैं। उनके रिश्तेदार एवं शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि अनिल कुमार परिवार की देखभाल और माता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के लिए पटना ले जाया गया था, जहां उनका निधन हो गया। बीआरसी अकाउंटेंट बिहारशरीफ के रंजन कुमार समेत कई सहकर्मी शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। मृतक की बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं मोगल कुआं मोहल्ले में भी शोक का माहौल था। शिक्षक अजय कुमार, डॉक्टर महेंद्र कुमार, अरुण शर्मा, बीआरसी अकाउंटेंट रंजन कुमार, जिला शिक्षा कार्यालय के कर्मी स्वामी शिवेंद्र कुमार, प्रेमचंद, जयराम ठाकुर, लाली ठाकुर, बेन प्रखंड के प्रधानाध्यापक राजदेव यादव सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

## देकपुरा मध्य विद्यालय जर्जर, बच्चों की जान जोखिम में



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। रहुई प्रखंड के देकपुरा मध्य विद्यालय की जर्जर स्थिति बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। विद्यालय के छह कक्ष पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बच्चों को इन्हीं कमरों में पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विद्यालय में 450 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिनमें औसतन 350 प्रतिदिन उपस्थित रहते हैं। शिक्षकों और छात्रों को हमेशा इस बात का डर रहता है कि कहीं अचानक भवन का कोई हिस्सा गिर न जाए। प्रधानाध्यापक धर्मवीर प्रसाद ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के साथ उनकी सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है।

## जिला परिषद सदस्य के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। जन सुराज पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष एवं बेन से जिला परिषद सदस्य पूनम सिन्हा के सौजन्य से नूरसराय प्रखंड के बारा खुर्द पंचायत के बारा गांव में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंखों की जांच के अलावा, दवा वितरण, चश्मा वितरण, बीपी और शुगर जांच जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर बारा बीघा, बृजपुर, बारा डीह, पांडेय चक, सैदी और अंधना गांवों के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। पूनम सिन्हा ने बताया कि शिविर में 415 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह शिविर उन लोगों के लिए बेहद लाभदायक साबित हुआ, जो आर्थिक तंगी या समय की कमी के कारण शहर जाकर इलाज नहीं करा पाते। उन्होंने इस पहल को ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# कबीर मठ पावा में भव्य कबीरपंथी समागम, देशभर से जुटेंगे संत-महात्मा



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। कबीरपंथ की आध्यात्मिक ज्योति एक बार फिर प्रज्वलित होने जा रही है। कबीर संगत के महंत ब्रह्मदेव दास उर्फ चंदेश्वर दास ने बताया कि कबीर मठ पावा में 11 और 12 फरवरी को दो दिवसीय भव्य कबीरपंथी समागम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से संत-महात्मा, कबीरपंथी श्रद्धालु एवं भक्तगण शामिल होंगे। सत्संग, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचनों से कबीरवाणी की अमृतधारा बहेगी।

➡ 11 फरवरी – कबीर भजन एवं संतवाणी का संगीतमय आयोजन, जिसमें भक्त भक्ति-रस में सराबोर होंगे।

➡ 12 फरवरी – विशेष हवन एवं यज्ञ का आयोजन, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक शुद्धि और पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। रात्रि में विशाल भंडारा, जहाँ हर भक्त प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण करेगा।

क्या आप जानते हैं? 1703 से चली आ रही परंपरा के अनुसार, कबीर मठ का महंत एक बार इस आंगन में प्रवेश करने के बाद जीवनभर बाहर नहीं जाता। यह नियम त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है, जो कबीरपंथ की सच्ची शिक्षाओं को दर्शाता है।

'जब तू आया जगत में, लोग हँसे तू रोए।  
अब ऐसी करनी कर चल, तू हँसे लोग रोए!'

यह समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को प्रेम, भक्ति, समानता और आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश देने का स्वर्णिम अवसर है।

# साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार', तीन गिरफ्तार, अन्य फरार



अपना नालंदा संवाददाता

कतरीसराय। साइबर ठगी पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन यह अपराध अमरलता की तरह फैलता जा रहा है। नवादा, नालंदा और शेखपुरा जिलों के सीमावर्ती गांवों को साइबर ठगों के लिए सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने गोवर्धन विगहा गांव में छापेमारी कर तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया, जबकि कुछ अन्य फरार होने में सफल रहे। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर लोन देने का लालच और कुसुम योजना के तहत सोलर पंप व सोलर प्लेट लगाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये ठगने की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। साइबर थाना ने प्रतिबिंब पोर्टल से साइबर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों का लोकेशन ट्रेस कर छापेमारी अभियान चलाया। साइबर थाना बिहारशरीफ और स्थानीय थाना की संयुक्त टीम ने वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर गोवर्धन विगहा गांव में छापेमारी की। इस दौरान गिरफ्तार किए गए ठगों की पहचान दृविकास कुमार (पिता दृ रामविलास प्रसाद),अरुण कुमार (पिता दृ अनिल प्रसाद उर्फ कुर्फाती महतो) तथा शरुण कुमार (पिता दृ अनिल प्रसाद उर्फ कुर्फाती महतो) के रूप में की गई है। तीनों आरोपी गोवर्धन विगहा गांव के निवासी हैं।

# रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा द्वारा साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर में 124 मरीजों का हुआ जांच



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नालंदा जिला शाखा द्वारा रविवार को अपने प्रांगण में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और इसे अत्यंत लाभकारी बताया। यह शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को जारी रहेगा। इस दौरान जिले के प्रख्यात डॉक्टरों ने कुल 124 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया। इनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार, फिजिशियन डॉ. उमेश कुमार सिन्हा और डॉ. वीरेंद्र कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय देव रंजन, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार शामिल थे। शिविर में 48 लोगों की मधुमेह जांच की गई, जबकि डॉ. गौतम कुमार द्वारा 15 मरीजों को निशुल्क होम्योपैथिक परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस कार्य के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, डॉ. शशिकांत टोनी, अधिवक्ता शंभू कुमार कश्यप, पवन कुमार सक्सेना, एएनएम मुस्कान कुमारी सहित कई अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित सदस्यों ने मरीजों का पंजीकरण एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर शिविर को सफल बनाया।

# जगीरपुर बना MPL सीजन-8 का चौंपियन, चारआरी को 39 रनों से हराया



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। अस्थावां प्रखंड के मोहिनी गांव में त्रिनयन फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित डच्च सीजन-8 टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। यह 20 दिवसीय टूर्नामेंट 16 जनवरी से शुरू हुआ था, जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में जगीरपुर और चारआरी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर जगीरपुर ने गेंदबाजी चुनी, जिसके बाद चारआरी की टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जवाब में जगीरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिनयन कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खेल को बढ़ावा देने के लिए 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना चला रहे हैं, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी दर्शक मौजूद थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर आयोजकों और सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दी गईं।

# डॉ. एजाज अली ने की अल्पसंख्यकों के लिए विशेष कानून की मांग, 20 अप्रैल को विक्टिम डे रैली का आह्वान



अपना नालंदा संवाददाता

इस्लामपुर। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. एजाज अली ने षमिल्लत बचाओ, मुल्क बचाओ' रैली की तैयारी को लेकर इस्लामपुर में बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे बचाव के लिए ठोस कानूनी सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि '1989 में बने एससी–एसटी एक्ट से दलित और आदिवासी समुदाय को कानूनी सुरक्षा मिली, जिसके कारण उनके खिलाफ अत्याचारों में कमी आई। लेकिन आज देशभर में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव, मॉब लिंचिंग, दंगे, फसाद और बुलडोजर कार्रवाई आम हो गई है। ऐसे में जरूरी है कि एससी–एसटी एक्ट की तर्ज पर माइनॉरिटी समुदाय को भी विशेष कानूनी सुरक्षा दी जाए। इसी मांग को लेकर 20 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में शविक्टिम डेश (पीड़ित दिवस) या श्यौमे मजलूम दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से बड़ी संख्या में इस रैली में शामिल होने की अपील की ताकि झूठे मुकदमों, मॉब लिंचिंग, दंगों, बुलडोजर कार्रवाई और अन्य अत्याचारों के खिलाफ कानूनी सुरक्षा की मांग को मजबूत किया जा सके। इस बैठक में बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य शमसुद्दीन आजाद, इदरीस राईन, राशीद अहमद, मो. शाहबाज आलम, कौशर आजमी, मक्सूद आलम समेत कई बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने उजाला सोनी के आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि



अपना नालंदा संवाददाता

इस्लामपुर। पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह रविवार को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष उजाला सोनी के आवास पर पहुंचे और उनकी दिवंगत माता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, क्षुछ दिन पूर्व उजाला सोनी की माता का निधन हो गया था, लेकिन पार्टी कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के कारण मैं तत्काल नहीं आ सका। आज मैं यहां आकर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना देने आया हूं।' उन्होंने उजाला सोनी को भाजपा का सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता विपिन यादव, वीरेंद्र गोप, वरुण कुमार, राजेश खन्ना, वीरेंद्र राम, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, मो. सुफियान आलम, सौरभ जैन, उत्तम चंद्रवंशी, भगवत सिंह यादव, गणेशी पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।




# बिहारशरीफ में तीन प्रमुख चौराहों पर जाम से मिलेगी राहत, स्मार्ट सिटी के तहत 'जंक्शन इम्प्रूवमेंट' जारी

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। शहर के खंदक पर, बड़ी पहाड़ी चौराहा और अस्पताल मोड़ को यातायात जाम से राहत दिलाने के लिए जंक्शन इम्प्रूवमेंट योजना पर कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इस योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें सबसे पहले अस्पताल मोड़ के सुधार कार्य को पूरा करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शहर में सुगम और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी की टीम दिन–रात कार्यरत है। अधिकारियों के अनुसार, तीन प्रमुख चौराहों के इम्प्रूवमेंट प्लान पर तेजी से काम किया जा रहा है। बिहारशरीफ के कई चौराहे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले हैं, लेकिन खंदक पर, बड़ी पहाड़ी चौराहा और अस्पताल मोड़ सबसे ज्यादा ट्रैफिक लोड झेलते हैं। छोटे शहरों में जमीन की कमी, अतिक्रमण, सड़कों के किनारे नाले, बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर जैसी समस्याएं प्रमुख कारण हैं, जो जाम की स्थिति को बढ़ा देते हैं। चौराहों पर सुचारु यातायात सुनिश्चित करने के लिए बाएं (लेफ्ट) मार्ग को हमेशा खुला रखना जरूरी है, ताकि वाहन बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ सकें। अस्पताल मोड़ के सुधार कार्य के तहत बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जा चुका है, जिससे ट्रैफिक मूवमेंट को सुगम बनाया जा सके। अन्य चौराहों पर भी इसी तर्ज पर सुधार कार्य किया जाएगा, जिससे शहर में ट्रैफिक की समस्या को स्थायी रूप से हल किया जा सके। नगर प्रशासन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की यह पहल शहरवासियों के लिए राहतभरी साबित होगी, जिससे न केवल यातायात सुचारु होगा बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।









# आप सभी साथ आइये तेली समाज को आगे बढाने का काम करेंगे : तेजस्वी यादव



अपना नालंदा संवाददाता

हिलसा / रविवार को बिहार तैलिक साहू सभा द्वारा सभा के अध्यक्ष और विधायक रणविजय साहू की अध्यक्षता में पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित तेली हुंकार रैली में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजश्वी यादव मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बंधित करते हुए कहा की दो हजार बीस के चुनाव में भी तेली समाज को मान सम्मान राजद ने दिया । तेली हुंकार रैली में उमड़ी भीड़ को अपील करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा की आप अगर दो कदम बढ़ाते हैं तो हम चार कदम आगे आकर तेली समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे । रणविजय साहू ने कहा की राजद ने तेली के बेटा रणविजय साहू के साथ साथ कुल चार लोगों को टिकट देने का काम किया उसमे से दो चुनकर भी आये । राजद ने रणविजय साहू को राजद का प्रधान महासचिव बनाकर बिहार भर के तेली समाज को सम्मानित करने का काम किया । लेकिन आज एन डी ए में सात विधायक होते हुए भी एक भी तेली समाज को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दिया जाना इस समाज के साथ बेईमानी है नाइंसाफी है । बीते लोकसभा चुनाव में किसी भी तेली जाति के सदस्य को किसी भी पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिए जाने बिहार विधान सभा मे एक भी तेली जाति का न होना जैसे मुद्दों को उठाते हुए साहू समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू ने कहा की भारतीय जनता पार्टी तेली समाज को अपना वोट बैंक समझने की गलती न करे । आने वाले विधानसभा चुनाव में तेली समाज से 25 विधायक बनाना बिहार तैलिक साहू सभा का लक्ष्य है। रैली को मुख्य रूप से झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, यूपी के गाजीपुर से विधायक जयकिशन साहू, उपाध्यक्ष भूपाल भारती, राष्ट्रीय कार्यकारी युवाध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू, रैली संयोजक विनय कुमार गुड्डू, डॉ प्रेम गुप्ता, महेंद्र साह, सिम्मी साहू, विनय कुमार गुड्डू, राम कैलाश साह, डॉ नीरज साह सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया ।

# नालंदा में 20% राशन कार्डधारियों ने
## नहीं कराया ई-केवाईसी, अनाज वितरण पर संकट




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में 20.41: राशन कार्डधारी अब तक ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं, जिससे जन वितरण प्रणाली (PDS) के तहत मुफ्त अनाज लेने वाले कई लाभुकों की वास्तविकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकार द्वारा एक साल से ई-केवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर) अभियान चलाया जा रहा है, फिर भी हजारों लोग अपनी पहचान सत्यापित नहीं करवा रहे हैं। नालंदा जिले में कुल 5,47,898 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें से 98.62: लोगों ने आधार सीडिंग करा ली है। इसके बावजूद सिर्फ 4,55,147 लाभुकों ने ही ई-केवाईसी पूरा किया है, यानी लगभग 1.10 लाख लोग अब भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे हैं। कुछ प्रखंडों में ई-केवाईसी न कराने वालों की संख्या अधिक बनी हुई है।

अस्थावां - 22.19%,बिहारशरीफ - 22.73%,बिंद- 23.54%,हरनौत - 26.27%,करायपरसुराय - 26. 52%,रहुई-22.40% तथा सरमेरा - 22.30%। अधिकारियों के अनुसार, राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए डीलरों (राशन दुकानदारों) को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अनाज लेने से पहले हर लाभुक का बायोमेट्रिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

ई-केवाईसी यानी इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर एक डिजिटल पहचान सत्यापन प्रक्रिया है, जिससे सरकार यह सुनिश्चित करती है कि राशन कार्डधारी वास्तव में जीवित हैं और कोई अन्य व्यक्ति उनकी पहचान का दु—पयोग नहीं कर रहा है।

यदि लंबे समय तक ई-केवाईसी नहीं कराया गया, तो सरकार उन लाभुकों के राशन पर रोक लगा सकती है, जिनकी वास्तविकता संदेहास्पद है। प्रशासन जल्द ही विशेष अभियान चलाकर शेष लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा कराने की योजना बना रहा है, ताकि राशन वितरण में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी अपात्र व्यक्ति को अनाज न मिले।







